अमर उजाला
04-03-2025

# विश्व वन्यजीव दिवस पर बनाए पोस्टर

**अंबाला सिटी।** विश्व वन्यजीव दिवस पर गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वन्य जीवन की रक्षा, ग्रह की रक्षा सहित अन्य विषयों पर विचार किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कॉलेज के वाणिज्य विभाग और प्रबंधन विभाग की ओर से सांख्यकी में रोजगार के अवसर विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय लेखांकन के क्षेत्र में करियर के अवसरों के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में कोमल अग्रवाल और साहिल वर्मा ने अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी में कुल 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र के उपरांत डॉ. भारती सुजान एवं कमलप्रीत कौर के मार्गदर्शन में एक साक्षात्कार सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया। संवाद